TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 13 जून

1. **अंतर्राष्ट्रीय एल्बिनिज़्म जागरूकता दिवस–** एल्बिनिज़्म का तात्पर्य है–रंगहीनता। रंगहीनता एक जन्मजात बीमारी है, जो त्वचा, बाल और आँखों की मेलानिन की कमी के कारण होता है। इससे प्रभावित लोगों को त्वचा तथा आँख हल्के रंग की होती है और उन्हें धूप से परेशानी होती है। 18 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहल पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी। प्रतिवर्ष 13 जून को रंगहीनता के शिकार लोगों के साथ होने वाले भेद–भाव के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है।

2. **जलालुद्दीन फिरोज खिलजी सुल्तान बना–** मामलूक वंश के अंतिम शासक शम्सुद्दीन की हत्या करके, 13 जून 1290 ई. को ही जलालुद्दीन 70 वर्ष की आयु में सुल्तान बना। इसी के साथ भारत में 'खिलजी वंश' का आरम्भ हुआ। जलालुद्दीन के शासनकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि देवगिरि की विजय थी।
   - **संदर्भः** वर्ग 7 के इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान, भाग 2 के अध्याय 3** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **क्रांतिकारी गणेश दामोदर सावरकर का जन्म–** प्रसिद्ध मराठी क्रांतिकारी गणेश दामोदर सावरकर का जन्म 13 जून 1879 ई. को नासिक के निकट भागपुर नामक स्थान पर हुआ था। वे 'अभिनव भारत' संगठन का एक सदस्य थे। गणेश सावरकर डॉ. हेडगेवार के संपर्क में आए जिन्होंने 1925 में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की। उनकी पुस्तक 'इंडिया एज़ ए नेशन' को ब्रिटिश सरकार ने जब्त कर लिया था।




Thursday



*Madhu priya*

# दिवस विशेष

13 जून

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय एल्बेनिज्म जागरुकता दिवस 13 जून




संयुक्त राष्ट्र के कुछ अंतर्राष्ट्रीय दिवस कई बार अहम दिखाई नहीं देते हैं। लेकिन उनका महत्व बहुत अधिक होता है। ऐसा ही एक दिवस है अंतर्राष्ट्रीय रंजकहीनता जागरुकता दिवस एल्बेनिज्म या रंजकहीनता । रंजकहीनता ऐसा विकार है जिसकी वजह से शरीर में कुछ तत्वों की कमी की वजह से व्यक्ति की त्वचा का रंग बेढंगा हो जाता है। सयुंक्त राष्ट्र ऐसे ही लोगों को उनके मानवअधिकार दिलाने के लिए जागरुकता दिवस मनाता है। अंतर्राष्ट्रीय एल्बेनिज्म जागरुकता दिवस हर साल 13 जून को लोगों में एल्बेनिज्म या रंजकहीनता बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। एल्बेनिज्म एक अनुवांशिक बीमारी लेकिन असंक्रामक बीमारी है जो व्यक्ति में जन्म से होती है।यह बीमारी स्त्री पुरुष दोनों को ही होती है और दुनिया के सभी हिस्सों में बिना जाति, संस्कृति और स्थान के भेदभाव के पाई जाती है।

# पुण्यतिथि विशेष 13 जून

राकेश कुमार

जन्म: वर्ष 1890
मृत्यु: 13 जून 1922



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आदिवासी क्रांतिकारी

## नानक भील जी

की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि...

**नानक भील** अंग्रेज़ों का विरोध करने वाले क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति थे। 13 जून, 1922 को एक किसान सभा के दौरान अंग्रेज़ों ने उन्हें गोली मार दी। उनकी शहादत के बाद अंग्रेज़ों की शासन व्यवस्था में कुछ परिवर्तन आया और किसानों और आम जनता को राहत मिली और उनमें एक नवजागृति पनपी। अमर शहीद नानक भील की स्मृति में मूर्तियां स्थापित की गई और मेले का आयोजन होता है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 13.06.2024

## ग़ज़ल

यह अरबी साहित्य की प्रसिद्ध काव्य विधा है जो बाद में फ़ारसी, उर्दू, नेपाली और हिंदी साहित्य में भी बेहद लोकप्रिय हुइ। संगीत के क्षेत्र में इस विधा को गाने के लिए इरानी और भारतीय संगीत के मिश्रण से अलग शैली निर्मित हुई।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



स्वीडन के **वैज्ञानिकों** ने दुनिया की पहली **लिविंग कंप्यूटर** बनाया है। इस कंप्यूटर में **इंसानी दिमाग** की कोशिकाओं (**Human Brain Tissue**) का इस्तेमाल किया गया है।

## TOB बूझो तो जानें. .



417

दुबली पतली मेरी काया, एक आंख की देखो माया, धागे ने जब साथ दिया तो, दो बिछड़ो को खूब मिलाया ...... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 414

किस वर्ष 13 जून को दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने से 59 लोग की मृत्यु हो गई थी और सैकड़ों घायल हो गए थें?

A. वर्ष 1983

B. वर्ष 1997

C. वर्ष 1999

D. वर्ष 2001



www.teachersofbihar.org


सही उत्तर: B

## टी-20 वर्ल्ड कप




# टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे छोटे डिफेंड

| टीम | बनाम | रन डिफेंस | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका | बांग्लादेश | 114 | न्यूयॉर्क | 2024 |
| श्रीलंका | न्यूज़ीलैंड | 120 | चटगांव | 2014 |
| भारत | पाकिस्तान | 120 | न्यूयॉर्क | 2024 |
| अफगानिस्तान | वेस्टइंडीज | 124 | नागपुर | 2016 |
| न्यूज़ीलैंड | भारत | 127 | नागपुर | 2016 |



एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी और
अभिनव भारत सोसाइटी के संस्थापक

# गणेश दामोदर सावरकर .

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 13 जून 1879 - मृत्यु- 16 मार्च 1945

Madhu priya

www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मुखर कविता के लिए जानी जाने वाली वरिष्ठ कवयित्री, तार सप्तक की प्रसिद्ध कवयित्री
कीर्ति चौधरी
के पुण्यतिथि पर सादर नमन।
जन्म- 1 जनवरी 1934 - मृत्यु– 13 जून 2008
Madhu priya
/teachersofbihar



# अंतर्राष्ट्रीय एल्बेनिज्म जागरुकता दिवस

**13 जून**

**ऐल्बिनिज्म या रंगहीनता एक वंशानुगत डिसऑर्डर का एक समूह है, जिसमें पिग्मेंट मेलानिन का बहुत कम या कोई उत्पादन नहीं होता है।**

**रंगहीनता के शिकार लोगों के प्रति हो रहें भेद-भाव के प्रति लोगों को जागरुक करे एवं ऐसे लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें।**

# TEACHERS OF BIHAR

# बालमन फादर्स डे स्पेशल पेंटिंग प्रतियोगिता

## 13 जून से 17 जून तक




श्रेणी:

वर्ग: 1-5

वर्ग: 6-8

वर्ग: 9-10

श्रेणी:

दर्शकों की पसंद

TOB फेसबुक ग्रुप के लिए QR कोड को स्कैन करें

भाग लेने के लिए नीचे क्लिक करें

https://bit.ly/tobfdpc

www.teachersofbihar.org

भाग लेने के लिए QR कोड को स्कैन करें

# TEACHERS OF BIHAR



# बालमन फादर्स डे स्पेशल पेंटिंग प्रतियोगिता

## 13 जून से 17 जून तक

**1**

पेंटिंग बनायें

**पिता के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित करें खुद के बनाए पेंटिंग के द्वारा।**

**2**

वीडियो शेयर करें

**पेंटिंग करते हुए बनाएं छोटा सा वीडियो और शेयर कर दें टीचर्स का बिहार के फेसबुक ग्रुप पर #मेरेपापा_मेराअभिमान के साथ।**

**3**

जानकारी सबमिट करें

**अपने नाम, जानकारी एवं बनाई हुई तस्वीर को साझा करें टीचर्स आफ बिहार के लिंक https://bit.ly/tobfdpc पर।**

हर श्रेणी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट।

TOB फेसबुक ग्रुप के लिए
QR कोड को स्कैन करें

भाग लेने के लिए
QR कोड को स्कैन करें

www.teachersofbihar.org

13 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो सच बोलता है सबसे अधिक

नफरत लोग उसी से करते हैं ।

**प्लेटो**



राकेश कुमार